दिनाक 30.04.2021 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में Google meet के माध्यम से धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, धनबाद की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2021 को DMFT के न्यास परिषद की बैठक में सदस्य के रूप में Google meet के माध्यम से भाग लेने वाले माननीय सांसद/विधायकगण :–

1. श्री पशुपति नाथ सिंह, माननीय सांसद, धनबाद संसदीय क्षेत्र।
2. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय सांसद, गिरिडीह संसदीय क्षेत्र।
3. श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय विधायक, टुण्डी विधान सभा क्षेत्र।
4. श्री ढुलू महतो, माननीय विधायक, बाघमारा विधान सभा क्षेत्र।
5. श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता, माननीय विधायक, निरसा विधान सभा क्षेत्र।
6. श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय विधायक, झरिया विधान सभा क्षेत्र।

माननीय सांसद/विधायक के अलावे विभिन्न प्रखण्डों के लगभग 80 प्रधान कार्यकारी समिति/प्रधान कार्यकारी समिति ग्राम पंचायत भी Google meet के माध्यम से बैठक में भाग लिये। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय पदाकारी_निम्न पदाधिकारियों ने भी Google meet के माध्यम से बैठक में भाग लिया :–

7. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
8. उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT, धनबाद।
9. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद।
10. सिविल सर्जन, धनबाद।
11. जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद।
12. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।
13. जिला योजना पदा0–सह–
    नोडल पदा0, DMFT, धनबाद।
14. नितिन कुमार, टीम लिडर,
    DMFT,(PMU), धनबाद।

2. सर्वप्रथम Google meet के माध्यम से आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा सभी सदस्यों को COVID-19 संक्रमण के द्वितीय लहर के रोकथाम हेतु जिला प्रशासन, धनबाद के द्वारा अबतक किये गये प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

3. उपायुक्त–सह– अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि धनबाद जिला में RTPCR, Rapid Antigen Kit, HRCT के माध्यम से COVID-19 की जांच की व्यवस्था किया गया है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं विभिन्न सी0एच0सी0 में इसकी जांच की व्यवस्था किया गया है तथा Hot-Spot Area में जांच हेतु Mobile टीम का गठन भी किया गया है। बेड की उपलब्धता के बारे में बताया गया कि 566 Oxygen Supported Bed उपलब्ध है जिससे 700 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। सदर अस्पताल, धनबाद में लगभग 60 ICU एवं 40 Non ICU Bed बेड तैयार किये जा रहे है जिसमें Manifold station तैयार करने में थोड़ी समस्या आ रही है जिसको अतिशीघ्र समाधान कर सदर अस्पताल, धनबाद में ICU बेड को चालु कर दिया जायेगा। उनके द्वारा यह

भी बताया गया कि पड़ोसी जिले बोकारो, देवघर, कोडरमा, गिरिडीह, जामताड़ा के मरीज भी धनबाद में अपने ईलाज हेतु आ रहे है। ऐसी स्थिति में ICU बेड की कमी महशूस की जा रही है जिसके चरण बद्ध तरीके मई 2021 तक 300 ICU बेड बढ़ाने तथा Man Power के लिए निजी चिकित्सो से सहयोग लेने पर विचार किये जा रहे है।

4. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा बताया गया कि Home Isolation के संबंध में जानकारी दी गई कि वैसे मरीज जो अपने घर में COVID-19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराते हुए अपना ईलाज करा रहे है, को Telemedicine के माध्यम से बेहतर ईलाज उपलब्ध कराये जा रहे है, इसके लिए 03 Shift में चिकित्सकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। मरीजो को Oxygen Cylinder की कमी न हो इसके लिए नियमित रूप से छापामारी कर Oxygen Cylinder की व्यवस्था की जा रही है तथा हर्ल के सहयोग से इसकी Re-filling करायी जा रही है। कई राज्य में हो रही घटना के परिपेक्ष्य में Fire Safety Audit कराकर संबंधित सभी सरकारी अस्पतालों में Fire Safety से संबंधित आवश्यक व्यवस्था कर ली गई है तथा निजी अस्पतालों को भी Fire Safety के लिये आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

5. COVID-19 (Phase-II) से संबंधित कार्ययोजना प्रस्ताव उपरोक्त तथ्यों को रखते हुए आगामी कार्ययोजना, जिसपर जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद का सहयोग अपेक्षित है, पर प्रकाश डालते हुए तैयार किये गये प्रस्ताव/कार्य पर चर्चा किया गया। सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि तैयार किये गये प्रस्ताव/कार्ययोजना को जिला खनिज फाण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक दिनांक 28.4.2021 में पारित कराया गया है जिस पर न्यास परिषद का अनुमोदन अपेक्षित है।

(A) <u>सदर अस्पताल, धनबाद में 60 Bed Intensive Care Unit (ICU) एवं 40 Bed Non ICU एवं Cath Lab, SNMMCH, धनबाद में 30 Bed Intensive Care Unit (ICU) स्थापना का प्रस्ताव।</u>

धनबाद जिला में COVID-19 संक्रमण (Phase-II) के बढ़ते प्रकोप एवं इससे संक्रमित लोगों का समुचित ईलाज के लिए जिला प्रशासन, धनबाद के द्वारा Intensive Care Unit (ICU) बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सदर अस्पताल, धनबाद में 60 Bed Intensive Care Unit (ICU) एवं 40 Bed Non ICU तथा Cath Lab SNMMCH धनबाद में 30 Bed Intensive Care Unit (ICU) की स्थापना कराई जा रही है। उक्त Intensive Care Unit के लिए आवश्यक जीवन रक्षक मशीन /उपकरण आपूर्ति के लिये संबंधित आपूर्तिकर्त्ता को कार्यादेश निर्गत किया गया है। साथ ही सदर अस्पताल, धनबाद में 60 Bed Intensive Care Unit (ICU) के लिए 60 Point के लिए Oxygen Gas Pipeline एवं Cath Lab SNMMCH, धनबाद में 30 Bed Intensive Care Unit (ICU) के लिए 50 Point के लिए Oxygen Gas Pipeline का अधिष्ठापन के लिए भी संबंधित आपूर्तिकर्ता कार्यादेश निर्गत किया गया है, जिसपर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया ।

<u>निर्णय</u> :– सम्यक विचारोपरांत आपात स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, धनबाद में एवं Cath Lab SNMMCH, धनबाद Intensive Care Unit (ICU) के स्थापना के लिये आवश्यक जीवन रक्षक मशीन /उपकरण क्रय करने एवं Oxygen Gas Pipeline का

अधिष्ठापन हेतु निर्गत की गई कार्यादेश ज्ञापांक 82 दिनांक 12.04.2021, ज्ञापांक 83 दिनांक 12.04.2021, ज्ञापांक 84 दिनांक 13.04.2021, ज्ञापांक 101 दिनांक 17.04.2021, ज्ञापांक 104 दिनांक 19.04.2021 एवं ज्ञापांक 107 दिनांक 22.04.2021 पर District Mineral Fund के अन्तर्गत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के घटनोत्तर स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया ।

साथ ही भविष्य में इसके आकलन किये जाने के पश्चात आवश्यकता पड़ने पर Oxygen Support बेडों या अन्य बेडों को बढ़ाने पर भी विचार किया करते हुए इसे सर्वसम्मति से इसकी स्वीकृति न्यास परिषद के द्वारा प्रदान किया गया ।

(B) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, धनबाद के द्वारा सदर अस्पताल में विद्युत संयोजन हेतु उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन पर स्वीकृति का प्रस्ताव :–

सदर अस्पताल, धनबाद में 60 Bed Intensive Care Unit (ICU) के स्थापना हेतु सदर अस्पताल को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रान्सफोर्मर लगाने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, धनबाद का पत्रांक 592 दिनांक 13.4.2021 के द्वारा मो0 3,53,958.00 का प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्राक्कलन के अनुरूप विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, धनबाद को राशि विमुक्त किया गया है।_ जिसपर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया ।

निर्णय :– सम्यक विचारोपरांत सचिव, खान मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0 Do No. 7/2/2020MIV दिनांक 28.3.2020, जो COVID-19 Response के लिए District Mineral Fund के अन्तर्गत उपलब्ध राशि का 30% अधिसीमा तक व्यय हेतु अनुमान्य है, के आलोक में कार्यादेश ज्ञापांक 86 दिनांक 16.04.2021 को जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रदान की गई घटनोत्तर स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा भी अनुमोदन किया गया।

(C) कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद के द्वारा COVID-19 संक्रमण के परिपेक्ष्य में किये गये कार्य हेतु एकरारनामा के अनुरूप भुगतान का प्रस्ताव :–

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद का पत्रांक 649 दिनांक 05.4.2021 के द्वारा निम्न किये गये कार्य हेतु की गई अधियाचना के अनुरूप आवंटन मो0 39.12026 लाख रु0 दिया गया है जिस पर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया :–

| क्र0 | योजना का नाम | तकनीकि / स्वी0 प्रा0 | एकरारनामा की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Fencing work disinfecting Room, Barricading work and Approach road at Amjhar Samshan Shat at Baliyapur G.P Under Baliyapur Block | 2218200.00 | 1980481.00 |
| 2 | Constructjon for Ambulance shed and beside and Sanitary & water supply in Covid 19 care centre in PMCH Dhanbad | 348300.00 | 311026.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | Construction of Ramp for Patients entry in Covid 19 care centre in PMCH Dhanbad | 479200.00 | 427711.00 |
| 4 | Guard shed and Grill work Covid 19 care centre in PMCH Dhanbad | 228100.00 | 203662.00 |
| 5 | Gover of Up Stair in PMCH Dhanbad | 163350.00 | 145783.00 |
| 6 | Guard wall besides Covid 19 care centre in PMCH Dhanbad | 946400.00 | 843363.00 |
| | Total | 4383550.00 | 3912026.00 |

निर्णय :– सम्यक विचारोपरांत सचिव, खान मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0 Do No. 7/2/2020MIV दिनांक 28.3.2020, जो COVID-19 Response के लिए District Mineral Fund के अन्तर्गत उपलब्ध राशि का 30% अधिसीमा तक व्यय हेतु अनुमान्य है, के आलोक में कार्यादेश ज्ञापांक 87 दिनांक 16.04.2021 पर जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रदान की गई घटनोत्तर स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया ।

(D) **D-type-Jumbo Cylinder खरीद/Rent पर लिये जाने का प्रस्ताव :–**

COVID-19 संक्रमित लोगों के ईलाज के लिए Oxygen की आपूर्ति के लिए D-type-Jumbo Cylinder खरीद/Rent पर लिया जा चुका है। इसकी Refilling संबंधित एजेन्सी से कराया जा रहा है तथा बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए भविष्य में इसकी आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त Cylinder खरीदने/Rent पर लेने या Refilling का प्रस्ताव रखा गया ।

निर्णय :– सम्यक विचारोपरांत D-type-Jumbo Cylinder खरीदने/Rent पर लेने या Refilling District Mineral Fund के अन्तर्गत किये जाने के प्रस्ताव को जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया।

(E) COVID-19 से संक्रमित Patient को Oxygen उपलब्ध कराने का प्रस्ताव :–

COVID-19 से संक्रमित Patient को Oxygen की आपूर्ति के लिए Oxygen Concentrator एवं Oxygen generation Plant का क्रय/अधिष्ठापन किया जाना आवश्यक है। इसके निमित DMFT की निधि का व्यय करने का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय :– COVID-19 से संक्रमित Patient को ससमय Oxygen की आपूर्ति के लिए आवश्यकता के अनुरूप Oxygen Concentrator एवं Oxygen Generation Plant का क्रय/अधिष्ठापन के प्रस्ताव को सम्यक विचारोपरांत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया।

(F) विभिन्न Covid अस्पतालों में **Fire Safety हेतु Fire extinguisher** के अधिष्ठापन का प्रस्ताव :–

धनबाद जिला में जिला प्रशासन, धनबाद के सौजन्य से संचालित 06 Covid Care Hospital का Fire Audit जिला अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद से कराया गया जिनके द्वारा Oxygen gas के आपूर्ति के मद्देनजर Fire Safety को अतिआवश्यक बताया गया जिसके आलोक में जिला प्रशासन, धनबाद के द्वारा

संचालित सभी 06 Dedicated Covid Care Hospital में पर्याप्त Fire Safety instrument लगाने का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय :— जिला अग्निशामन पदाधिकारी के अनुशंसा के आलोक में जिला प्रशासन, धनबाद के द्वारा सभी संचालित Dedicated Covid Care Hospital में Fire Safety instrument तत्काल लगाने हेतु DMFT की निधि से करने के प्रस्ताव को प्रबंधकीय समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है, को न्यास परिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

(G) **SNMMCH, धनबाद के Microbiology Lab में PCR Machine एवं आवश्यक सामग्रियों / Accessories का क्रय / अधिष्ठापन का प्रस्ताव :—**

Lab के Testing Capacity को बढ़ाने हेतु SNMMCH, धनबाद के Microbiology Lab में अतिरिक्त PCR Machine एवं आवश्यक सामग्रियों / Accessories का क्रय / अधिष्ठापन का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय :— संक्रमित लोगों के उचित ईलाज के लिए Lab के Testing Capacity को बढ़ाने हेतु SNMMCH, धनबाद के Microbiology Lab में अतिरिक्त PCR Machine एवं आवश्यक सामग्रियों / Accessories का क्रय / अधिष्ठापन District Mineral Fund के अन्तर्गत के निधि से करने का प्रस्ताव को सम्यक विचारोपरांत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रदत्त स्वीकृति को न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया ।

(H) **SNMMCH के Blood Bank में Plasma Donation हेतु Anti Body Titre Kit एवं Plasma Apheresis Kit क्रय का प्रस्ताव :—**

SNMMCH के Blood Bank में Plasma donation हेतु Anti Body titre Kit एवं Plasma Apheresis Kit के क्रय के प्रस्ताव को सम्यक विचारोपरांत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर COVID testing के लिए True Net एवं RTPCR testing kits क्रय करने का निर्णय लिया गया है, को भी न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन दिया गया ।

(I) **SNMMCH के Micro biology Lab में अतिरिक्त मानव बल के मानदेय भुगतान का प्रस्ताव :—**

SNMMCH के Micro biology Lab के सुचारूप से संचालन हेतु अतिरिक्त मानव बल यथा Lab technician, Lab Attendant, Operator Lab को तीन Shift में लगाया गया, जिसका भुगतान DMFT मद से किये जाने का प्रस्ताव ।

निर्णय :— SNMMCH, धनबाद के Microbiology Lab में लगाये गये अतिरिक्त बल को COVID-19 के परिपेक्ष्य में District Mineral Fund के अन्तर्गत मानदेय भुगतान के प्रस्ताव को सम्यक विचारोपरांत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है, का न्यास परिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

**(J) निजी चिकित्सकों के Remuneration भुगतान का प्रस्ताव :–**

Intensive Care Unit (ICU) एवं Non ICU Bed बढ़ाने के साथ–साथ वहां ईलाजरत मरीजों के उचित देख–भाल के लिए निजी चिकित्सकों का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया है। इसके निमित 05 सदस्यीय गठित टीम के द्वारा स्पेलिस्ट डॉक्टरो के लिए 1.50 लाख रु0 प्रतिमाह एवं सामान्य MBBS डॉक्टरों के लिए 1.05 लाख रु0 प्रतिमाह Remuneration के भुगतान करने की अनुशंसा की गई है जिसके आलोक में उक्त चिकित्सकों के मानदेय का भुगतान DMFT से करने का प्रस्ताव रखा गया है।

निर्णय :– जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद के निर्णय के आलोक में COVID-19 अस्पतालों में ईलाजरत मरीजों के बेहतर ईलाज के लिये 05 सदस्यीय टीम के द्वारा की गई अनुशंसा के रूप स्पेसेलिस्ट डॉक्टर के लिये 1.50 लाख रु0 प्रतिमाह एवं सामान्य MBBS डॉक्टर के लिये 1.05 लाख रु0 प्रतिमाह के दर पर कार्यरत कार्यावधि के लिये मानदेय के भुगतान के प्रस्ताव को सम्यक विचारोपरांत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है, का न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया गया ।

**(K) कोरोना संक्रमित मरीजों के बेहतर चिकित्सा/जाँच के लिये HRCT एवं X-Ray chest कराने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद के द्वारा अविष्कार डायग्नोस्टिक, धनबाद एवं आयुष्मान डायग्नोस्टिक, धनबाद को CGHS Rate पर जाँच कराने हेतु चयनित किया गया है जिसके शुल्क के भुगतान की प्रस्ताव :–**

DMFT के प्रबंधकीय समिति के संज्ञान में लाया गया था कि HRCT एवं X-Ray Chest की सुविधा वर्त्तमान में SNMMCH में उपलब्ध है जिसके आलोक में कोरोना संक्रमित मरीजों के बेहतर ईलाज हेतु उक्त Test को तीव्रगति से कराने की आवश्यकता है। इस संबंध में DDMA, धनबाद के द्वारा आयुष्मान डाग्नोस्टिक, धनबाद, अविष्कार Diagnostic, धनबाद एवं आवश्यकतानुसार भविष्य में यदि अन्य डाग्नोस्टिक सेन्टर का चयन उक्त कार्य हेतु किया जाता है तो उन्हें भी उनके द्वारा किये जा रहे HRCT & X-Ray Chest कार्य के लिये देय शुल्क का भुगतान CGHS Rate पर District Mineral Fund से करने का प्रस्ताव रखा गया था।

निर्णय :– सम्यक विचारोपरांत वर्तमान में अविष्कार Diagnostic एवं आयुष्मान Diagnostic, धनबाद के द्वारा COVID Patients के लिये किये गये/किये जाने वाले HRCT एवं X-Ray Chest के लिये देय शुल्क का भुगतान DMF से करने का प्रस्ताव को प्रबंधकीय समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है। इस परिपेक्ष्य में न्यास परिषद के द्वारा भी इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**(L) COVID-19 के निमित्त आकस्मिक व्यय हेतु राशि का उपबंध (Provision) करने का प्रस्ताव :–**

विभिन्न कोविड अस्पतालों में Blood Test के लिये SRL Diagnostic Centre को CGHS Rate पर करने का अनुमोदन प्राप्त है। भविष्य में NHM मद में राशि की अनुपलब्धता को देखते हुए DMFT मद से इसके भुगतान के लिए राशि का

आकस्मिक निधि के रूप में रखने के उपबंध (Provision) का प्रस्ताव रखा गया हैं।

निर्णय :–

(i) आवश्यकता के अनुरूप COVID-19 के मरीजों के Blood Test SRL Diagnostic Centre एवं अन्य निजी संस्थानों से कराने हेतु National Health Mission में राशि के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में DMFT निधि से देय शुल्क के भुगतान करने के प्रस्ताव को प्रबंधकीय समिति से स्वीकृति प्राप्त है, के परिपेक्ष्य में न्यास परिषद के द्वारा अनुमोदन किया जाया।

(ii) विभिन्न प्रखण्डों से COVID Care Hospital के संचालन एवं कोरेन्टाइन सेन्टर के संचालक Testing Centre एवं Vacination Centre के संचालन, कोविड मरीजों के भोजन एवं अन्य आवश्यक आकस्मिक व्यवस्था के लिये BDOs/COs के द्वारा माँग किये जाने की स्थिति DMFT निधि से उपलब्ध राशि BDOs/COS/नगर निगम/नगर पंचायत के राशि विमुक्त किये जाने के प्रस्ताव पर प्रबंधकीय समिति का स्वीकृति प्राप्त है, को भी न्यास परिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

(6) DMFT के न्यास परिषद से उपरोक्त प्रस्ताव को अनुमोदन करने के पश्चात उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा सभी माननीय सांसदो एवं विधायको एवं अन्य से से सुक्षाव की अपेक्षा की गई जिसके पश्चात निम्न माननीय सांसदो/विधायको के द्वारा अपना सुझाव/प्रस्ताव न्यास परिषद के समक्ष रखा गया –

6.(A) श्री पशुपति नाथ सिंह, माननीय सांसद, धनबाद संसदीय क्षेत्र के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा वैश्विक महामारी के रोकथाम हेतु उठाये जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए कोरोना मरीजो को उचित सलाह देने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया ताकि कोई पीड़ित व्यक्ति को अपने ईलाज के लिए भटकना न पड़े तथा पूरी पारदर्शिता के साथ बेड उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए First come first serve को नियम का दृढ़ता से अनुपालन कराया जाय। साथ ही General एवं Paying ward की व्यवस्था करने की बात कही गई ताकि सक्षम लोग Paying ward में अपना ईलाज करा सकें। माननीय सांसद के द्वारा बताया गया कि बहुत से ऐसे निजी चिकित्सालय है, जो मनमाने तरीके से राशि वसूल कर रहे है। इस संबंध माननीय सांसद के द्वारा एक उदाहरण भी दिया गया कि कतरास के एक व्यक्ति से बरटांड में MRI के लिए 12,500.00 की राशि वसूल की गई है, जिसपर जिला प्रशासन, धनबाद को ध्यान देने का अनुरोध किया गया। साथ ही Out Door ईलाज की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया ताकि अन्य रोग से पीड़ित व्यक्ति का भी ईलाज संभव हो सके।

(B) श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय सांसद, गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के द्वारा जिला प्रशासन, धनबाद के प्रयासो की सराहना करते हुए इस वैश्विक महामारी में बी0सी0सी0एल0 से अपेक्षित सहयोग लेने को कहा गया। चूंकि

बी0सी0सी0एल के पास Medical Staff के साथ–साथ अनुभवी डॉक्टर भी उपलब्ध है।

(C) श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय विधायक, टुण्डी विधान सभा क्षेत्र के द्वारा इस वैश्विक महामारी में धनबाद जिले के लोगो की समुचित ईलाज हेतु DMF की निधि के उपयोग करने की सराहना करते हुए उनके द्वारा आश्वस्त किया कि इस महामारी से निपटने हेतु यदि जिला प्रशासन, धनबाद की ओर राशि की आवश्यकता है तो वे अपने विधायक निधि से भी राशि की अनुशंसा करेंगे एवं हर सहयोग उनके द्वारा जिला प्रशासन, धनबाद को किया जायेगा।

(D) श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय विधायक, झरिया विधान सभा क्षेत्र के द्वारा Testing Report विलम्ब से आने के कारण लोगो को हो रही दिक्कतो की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए Testing Report को display करने एवं बड़े कार्यक्रमों के आयोजन जहां पर अधिक लोगों का जमाव हो रहा है, पर Rapid Testing KIT के माध्यम से testing की व्यवस्था करने तथा 45 वर्ष से अधिक के संक्रमित लोगों को Home Isolation में रहकर ईलाज की अनुमति देने का अनुरोध किया गया। आमजनो को COVID-19 के समुचित ईलाज के लिए Help line एवं अन्य सूचना यथा हॉर्डिंग/बैनर इत्यादि के माध्यम आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया तथा ईलाजरत संक्रमित लोगों के Counselling की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। माननीय विधायक के द्वारा सभी केमिस्ट को अपने दुकान में दवा की उपलब्धता एवं दर से संबंधित चार्ट लगाने का निदेश दिये जाने का अनुरोध किया गया। साथ ही उनके द्वारा BCCL के जियलगढ़ा अस्पताल में ऑक्सीजन सर्पोटेड बेड की व्यवथा करते हुए COVID-19 अस्पताल के रूप में उपयोग में लाये जाने बेड आवश्यक कार्रवाई किये जाने का भी अनुरोध किया गया।

(E) श्री ढुलू महतो, माननीय विधायक, बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के द्वारा जिला प्रशासन, धनबाद के प्रयासो की सराहना करते हुए कोरोना को लेकर लोगों के बीच व्याप्त भय के माहौल को कम करने हेतु प्रखण्डस्तर पर टीम गठन कर लोगों को जागरूक करने तथा ग्रामीण स्तर के लोगों के समुचित ईलाज हेतु दवा, ऑक्सीजन आदि व्यवस्था करने एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पूछताछ केन्द्र की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया।

मननीय विधायक के द्वारा कोविड काल में BCCL के द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किये जाने पर नराजगी व्यक्त करते हुए अनुरोध किया गया कि BCCL के सभी क्षेत्रीय अस्पतालों में COVID 19 के मरीजों के ईलाज की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया गया ताकि PMCH पर लोड कम हो सके। इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार अपने विधायक निधि से भी COVID-19 की रोकथाम/उपचार के लिये राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

(F) श्रीमती अर्पणा सेन गुप्ता, माननीय विधायक के द्वारा जिला प्रशासन, धनबाद के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुये बताया गया कि Maithon Power Limited (MPL) के द्वारा उनके प्रतिष्ठान में कार्यरत श्रमिक जो COVID-19 से संक्रमित है, के जाँच एवं उनके चिकित्सा के लिये समुचित

कार्रवाई/व्यवस्था नही की जा रही है जिसके कारण COVID-19 का संक्रमण तेजी से फैल रहा है जिसपर माननीय विधायक के द्वारा MPL को आवश्यक निर्देश दिये जाने का अनुरोध जिला प्रशासन, धनबाद से किया गया।

अंत में माननीय सांसदो/विधायको के द्वारा दिये गये सुझावों पर तत्काल अग्रेत्तर कार्रवाई का आश्वासन देते हुये उपायुक्त–सह–अध्यक्षक, DMFT, धनबाद के द्वारा सधन्यवाद बैठक के कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई।

30.4.2021
जिला खनन पदा0
धनबाद

30/04/21
जिला योजना पदा0
–सह–नोडल पदा0 DMFT
धनबाद

30/4/21
उप विकास आयुक्त,
धनबाद

30/04/21
उपायुक्त, धनबाद।

ज्ञापांक 178 /DMFT धनबाद, दिनांक 30-4-2021

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद के सभी पदाधिकारियों /सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/04/21

उपायुक्त,धनबाद।